NT>

20.05 hrs.

MR. SPEAKER: Item Numbers 13 and 14 shall be taken up on a later date. Item Number 15, Matters under Rule 377 be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to open a Jawahar Navodaya Vidyalaya in Karauli District, Rajasthan − Laid.

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाईं माधोपुर): अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार ने प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने का लक्ष्य रखा था। राजस्थान में कुछ जिले, जो पिछले 5 सालों से जिले के रूप में आने के बाद भी आज तक जवाहर नवोदय विद्यालय से वंचित है, जिसमें से एक जिला करौली है, जो कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आता है और यहां के नागरिक काफी समय से जवाहर नवोदय विद्यालय की मांग करते आ रहे हैं। यह क्षेत्र दस्यू प्रभावित तथा डांग क्षेत्र है, इस क्षेत्र में शिक्षा सुविधाओं का बहुत ही अभाव है और यहां के बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय के लाभ से वंचित हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के करौली जिले में अविलम्ब एक नवोदय विद्यालय स्थापित किये जाने हेतु आदेश पारित करने का कट करें।

* Treated as laid on the Table of the House.